-48-

संख्या– 130 /68–5–2020

प्रेषक

रेणुका कुमार
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
स्कूल शिक्षा
उ0प्र0 लखनऊ।

बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊः दिनांकः 25 फरवरी, 2020

विषयः– **खण्ड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय में सम्बद्ध 3–3 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक खण्ड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय में सम्बद्ध 3–3 कर्मचारियों को यू0पी0 डेस्को एवं अपट्रान पावर ट्रानिक्स के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के संबंध में शासन को संदर्भित अपने प्रस्ताव का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के 880 ब्लाक में 440–440 ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय में सम्बद्ध 3–3 कर्मचारियों को क्रमशः यू0पी0 डेस्को एवं अपट्रान पावर ट्रानिक्स के माध्यम से कम्प्यूटर का प्रशिक्षण प्रदान किये जाने की एतद्द्वारा अनुमति प्रदान की जाती है। उक्त प्रशिक्षण में आने वाला व्यय वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2019–20 के प्रोग्राम मैनेजमेन्ट (Management Monitoring Evalution & Research-MMER) के मद के अन्तर्गत किया जायेगा।

भवदीया,

25/2/2020

(रेणुका कुमार)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि शिक्षा निदेशक, बेसिक, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(उमेश कुमार तिवारी)
उप सचिव ।